आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–11 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ में प्रदेश कैबिनेट की बैठक सम्पन्न हुयी। इस बैठक में तबादला नीति सहित इकतालीस प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी मिली। कैबिनेट ने बरेली में फ्यूचर यूनिवर्सिटी और गाजियाबाद में एचआरआईटी यूनिवर्सिटी को भी मंजूरी दी। कैबिनेट द्वारा लिये गये फैसले के अनुसार लखीमपुर खीरी में हवाई अड्डा बनाया जायेगा। आईआईटी कानपुर में मेडिकल रिसर्च सेंटर और पांच सौ बेड का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाये जाने को भी कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की।

****

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा देंगे। वह कन्नौज से संसद सदस्य के रूप में अपनी राजनीतिक जिम्मेदारी को आगे बढ़ायेंगे। कन्नौज की जनता ने इस बार के लोकसभा चुनाव में उन्हें सांसद चुना है। वह दो हजार बाइस के विधानसभा चुनाव में मैनपुरी की करहल सीट से विधानसभा के लिए चुने गए थे। इटावा जिले में एक पत्रकार वार्ता में श्री यादव ने कहा कि वह जल्द ही विधानसभा अध्यक्ष को अपने इस फैसले से अवगत कराएंगे।

उधर, प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने आज राज्य विधानमंडल की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। वह विधान परिषद के सदस्य थे। दो दिन पहले उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री पद की शपथ ली है।

****

प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ लेने के बाद श्री नरेन्द्र मोदी अट्ठारह जून को पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं। अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान वह वाराणसी में किसान सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर कल भाजपा पदाधिकारियों ने पार्टी कार्यालय पर एक बैठक की, जिसमें काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की जानकारी दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि किसान सम्मेलन को सम्बोधित करने के बाद प्रधानमंत्री श्रीकाशी विश्वनाथ का दर्शन–पूजन करेंगे और दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में हिस्सा लेंगे।

****

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। नये आपराधिक कानूनों से मानव तस्करी के विरुद्ध कानूनी ढांचा मजबूत हुआ है। भारतीय न्याय संहिता–बीएनएस दो हजार तेइस में महिलाओं और बाल तस्करी के लिये पीड़ित केन्द्रित दृष्टिकोण है। इसके तहत संगठित अपराध में नये शामिल किये गये अपराधों में किसी व्यक्ति की तस्करी, और वेश्यावृत्ति या फिरौती के लिये मानव तस्करी शामिल है और कड़ी सजा का प्रावधान है। वेश्यावृत्ति के लिये बच्चे को खरीदने के मामले में बढ़ी हुई सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें न्यूनतम सात साल की अनिवार्य सजा है, जिसे चौदह साल तक बढ़ाया जा सकता है। विदेश से व्यक्तियों के आयात के अपराध को लिंग–तटस्थ बनाया गया है। इसमें जबरन या बहकावे से यौन शोषण के उद्देश्य से अट्ठारह वर्ष से कम उम्र के लड़कों और इक्कीस वर्ष से कम उम्र की लड़कियों दोनों के आयात को शामिल किया गया है। मानव तस्करी के उद्देश्य से शोषण अभिव्यक्ति में भिक्षावृत्ति को जोड़ा गया है। बीएनएस दो हजार तेइस में आदतन मानव तस्करी में लिप्त व्यक्ति के लिये बढ़ी हुई सजा का प्रावधान किया गया है।

****

आगामी इक्कीस जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए भारत सरकार का आयुष मंत्रालय सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के जरिये लोगों से योग अभ्यास की अपील कर रहा है। मंत्रालय ने योग के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार दो हजार चौबीस की भी शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य उन नायकों की पहचान करना है जो दुनिया भर में योग के फायदों का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इस पुरस्कार के लिए पात्र लोगों से अधिक से अधिक नामांकन करने की अपील की गयी है।

****

स्वाधीनता संग्राम के प्रमुख सेनानियों में एक अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती आज प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनायी जा रही है। इस अवसर पर लोग श्रद्धांजलि देकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं। गोरखपुर मण्डलीय जेल में उनके बलिदान स्थल पर आज सुबह से श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा हुआ है। पंडित बिस्मिल के पैतृक शहर शाहजहांपुर में भी इस अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर के आजादी के इस महानायक को याद किया गया।

****

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। इसके चलते लोगों का जन–जीवन प्रभावित हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के लिये रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान पच्चीस से पैंतीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गर्म हवा चलने की आशंका मौसम विभाग ने जतायी है। उधर, बीते चौबीस घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज और बस्ती सहित लगभग सभी जिलों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। कई जिलों में न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी पायी गयी है।

****